हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

06 दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के ...



07 संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी समाज के ...





**खबर संक्षेप**

## प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से संचालित नागरिक केन्द्रित सेवाएं अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। राज्य शासन द्वारा आम जन के लिये सरल, पारदर्शी व त्वरित ऑनलाइन सेवा शुरू की गई है। यह सेवायें एमपी ई-सेवा पोर्टल व मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिले के सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ एवं सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। पोर्टल तथा एप पर सुविधा सेवायें, प्रमाण-पत्र, लायसेंस व कर, राजस्व कृषि एवं ग्रामीण विकास सेवायें, पेंशन, अन्य हितलाभ, सामाजिक कल्याण व सशक्तिकरण, शिक्षा, शहरी आवास और पर्यावरण, ऊर्जा, परिवहन, अधोसंरचना, व्यवसाय, निवेश व प्रमोशन, स्वास्थ्य व कल्याण, न्याय, कानून और शिकायत, यात्रा, संस्कृति, विरासत व पर्यटन, युवा, खेल एवं रोजगार उद्यमिता व कौशल इत्यादि से संबंधित सेवायें एमपी ई-सेवा पोर्टल पर उपलब्ध हैं। एमपी ई-सेवा पोर्टल व मोबाइल एप पर शासकीय योजनाओं की पात्रता की जाँच, ऑनलाइन आवेदन, रियल टाइम आवेदन ट्रेकिंग, डिजिटल प्रमाण-पत्र डाउनलोड, समग्र प्रोफाइल के आधार पर पूर्व में भरा हुआ आवेदन फॉर्म, सिंगल साइन ऑन सुविधा, इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे सुविधा, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन एवं एंड्रॉयड और आईओएस से संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

### देर शाम शहर के प्रमुख मार्गों से निकली शिव बारात, जगह-जगह हुआ स्वागत

# शिव बरात में बाबा महाकाल की अलौकिक झांकी, भस्म आरती रही आकर्षण का केंद्र

श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर पर महा आरती के बाद चल समारोह का समापन, कई प्रमुख कलाकारों ने दी प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर शिवरात्रि उत्सव समिति सीहोर के तत्वाधान में भव्य अलौकिक और दर्शनीय शिव बारात निकाली गई। भगवान भोले नाथ की बारात श्री बटेश्वर महादेव इंदौर नाके से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री काशीपति विश्वनाथ मंदिर हनुमान फाटक कस्बे में भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुई। भव्य शिव बारात चल समारोह के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया की चल समारोह में पहली बार एआई मॉडल आधारित झकिया निकाली गई। जिसमें कई अनूठे और दर्शनीय आयोजन किये। वही बाबा महाकाल की अलौकिक लाइव झंकी, भस्म आरती आकर्षण का केंद्र रही। शिवरात्रि उत्सव से नगर में एक अलग ही आलौकिक माहौल बना। महाशिवरात्रि उत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव गुजरती व संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि नगर के शिव बारात चल समारोह ने अपनी एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है। हज़ारो की संख्या में शिव भक्त बाराती के रूप में शामिल हुए।

### यह रहे आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में विशाल अघोरी एण्ड ग्रुप दिल्ली, नवाब विनय आर्ट ग्रुप जम्मू, भस्म रमैया भक्त मण्डल उज्जैन, वटेश्वर महादेव भक्त मण्डल सीहोर,इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर,12 ज्योर्तिलिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन, श्याम प्रेमी ग्रुप जबलपुर, गुरू तेजबहादुर एंड गतका अखाडा पंजाब, सोनू सांवरिया एंड ग्रुप पंजाब, प्रतीक 21 रंगोली आट्रिस्ट कोलहापुर महाराष्ट्र, शिव कन्या ढोल ग्रुप छिन्दवाड़ा की प्रस्तुति, महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा के साथ इंदौर के कलाकारों ने बाबा महाकाल की झांकियों ने कार्यक्रम में सुंदरता के रंग बिखेरें।





### आदि योगी स्वरूप के हुए दर्शन

स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई। भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ भक्तो को 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन हुए वही रास लीला, शिव तांडव की प्रस्तुति भी दी गई। देर रात तक निकली शिव बरात का नगर के प्रमुख चौक और चौराहों पर नगरिकों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनेतिक दलों के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### ऋणमुक्तेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़यि में पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को श्रद्धालुओं ने यहां पर जारी हवन में आहुतियां दी। इसके बाद आस्था और उत्साह के साथ मंदिर में समारोह का समापन और प्रसादी का वितरण किया। महोत्सव के अंतर्गत



यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई। मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि को देवता, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

# कुबेरेश्वर धाम पर प्रसाद बेचने वाले धर्मेंद्र की हत्या का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### झाबुआ से पकड़ा गया चिराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम के पास प्रसाद बेचने वाले कालापीपल निवासी धर्मेंद्र शर्मा की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी चिराग निवासी रतलाम को रविवार को झाबुआ से गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड का दूसरा आरोपी बादल पहले ही सलाखों के पीछे पहुंच चुका है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक धर्मेंद्र और आरोपी चिराग एक-दूसरे के परिचित थे।

धर्मेंद्र कालापीपल का रहने वाला था और कुबेरेश्वर धाम के पास दुकान लगाता था, जबकि चिराग सीहोर में गराडू बेचता था। हत्या के पीछे दो मुख्य कारण सामने आए हैं, जिसमें करीब 15 दिन पहले सीहोर में धर्मेंद्र के चाचा और आरोपियों के बीच पैसों को लेकर झगड़ा और मारपीट हुई थी। जबकि दूसरा कारण आरोपी चिराग को शक था कि धर्मेंद्र की बातचीत उसकी पत्नी से होती है, जिसे लेकर वह गुस्से में था। वारदात 7 फरवरी की है। आरोपी चिराग और बादलए धर्मेंद्र को बाइक पर बैठाकर सीहोर से ले गए थे। आष्टा मार्ग पर एक ढाबे पर साथ बैठकर शराब पीने के दौरान फिर विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी धर्मेंद्र को शुजालपुर के पास अमलाय पत्थर क्षेत्र की एक सुनसान जगह पर ले गए। वहां गला रेतकर धर्मेंद्र की हत्या कर दी गई और पहचान छिपाने के लिए शव पर स्पिरिट डालकर उसे जलाने का प्रयास भी किया गया।

### आरोपी बार-बार बदल रहा था लोकेशन

पुलिस के खुलासे के अनुसार चिराग लगातार ट्रेन से अपनी लोकेशन बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस ने झाबुआ में धर दबोचा। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली है। मुख्य आरोपी को अब कोर्ट में पेश किया जाएगा, पूछताछ में कुछ और खुलासे होने की उम्मीद है।

# मिड-डे-मील में वित्तीय गड़बड़ी: होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन की प्राथमिकता वाली प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मिड डे मील) में लापरवाही और वित्तीय अनियमितता बरतने वालों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ताजा मामला विकासखण्ड सीहोर की शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर का है, जहां मध्यान्ह भोजन की राशि में गबन की पुष्टि होने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने तत्कालीन प्रधानाध्यापक और संबंधित स्वसहायता समूह के विरुद्ध वसूली के आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर में पीएम पोषण योजना के संचालन को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत कार्यालय द्वारा अगस्त 2025 में जनपद पंचायत सीईओ को जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच प्रतिवेदन में यह बात सामने आई कि योजना के संचालन के दौरान जितनी राशि आवंटित की गई थी, उसके मुकाबले छात्र संख्या के आधार पर वास्तविक व्यय बहुत कम था। जांच रिपोर्ट के अनुसार किरण स्वसहायता समूह को योजना संचालन हेतु कुल 67 हजार 540 रुपये की राशि प्रदाय की गई थी, लेकिन स्कूल में लाभान्वित हुए छात्रों की वास्तविक संख्या के अनुसार केवल 33 हजार 268 रुपये ही खर्च होने चाहिए थे। इस प्रकार कुल 34 हजार 271 रुपये की अतिरिक्त राशि का हिसाब नहीं मिल सका, जिसे अब वसूली योग्य माना गया है।

### आधी-आधी राशि भरेंगे शिक्षक और समूह

जिला पंचायत सीईओ द्वारा जारी आदेश के तहत वसूली की कुल राशि 34 हजार 271 रुपये को दो पक्षों में विभाजित किया गया है, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुरा के तत्कालीन शईद खां एवं किरण स्वसहायता समूह की तत्कालीन अध्यक्ष एवं सचिव दोनों पक्षों को संयुक्त रूप से आधी-आधी राशि सरकारी खजाने में वापस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समय सीमा में राशि जमा नहीं की जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी।

# पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर लाखों शिव भक्तों ने लगाए पौधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय स्थित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ शिव महापुराण का श्रवण किया। इस मौके पर सुबह नौ बजे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने मंदिर परिसर में रुद्राक्ष से निर्मित भव्य शिवलिंग का विधि-विधान से पूजन अर्चन किया और उसके पश्चात मंदिर परिसर में ग्रीन शिवरात्रि को लेकर वेलपत्र पौधों का रोपण किया उसके उपरांत देश भर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं महाष्ट्रर राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाना, पंजाब, हिमाचल प्रदेश बिहार आदि प्रदेशों में करीब एक करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया। रविवार को महाशिवरात्रि पर पौधा रोपण करते हुए पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ तभी होगा जब कदम-कदम पर पौधे लगेंगे। पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है। आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता। हमें मुफ्त में आक्सीजन पेड़-पौधे ही देते हैं। बढ़ती जनसंख्या और घटते पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व पर सवा खड़ा कर रहे हैं। शिव महापुराण के दूसरे दिन पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि तुम्हारे दुख की घड़ी में भोले बाबा हमेशा खड़ा रहेगा। तुम्हारा कष्ट तुम्हें सहना है, कोई दूसरा नहीं सहेगा। परिवार वाले आएंगे, केवल शंकर जी को जल चढ़ाया है तो नंदी ही तुम्हारा दर्द बाटेंगे। देवाधिदेव महादेव पृथ्वी पर रहते हैं, वह तुम्हारे पास आएंगे तुम्हारा दुख हरने के लिए, लेकिन उसके लिए तुम्हें उन्हें दिल से पुकारना होगा। रविवार को पांच लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर परिसर सहित आस-पास मौजूद थे और पूरे भाव से कथा का श्रवण कर रहे थे। चार बड़े पंडालों के साथ-साथ श्रद्धालु खुले में पीछे तक बैठे नजर आए। भक्तों ने यहां पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कथा का श्रवण किया।

## पर्यटकों को धोखाधड़ी से बचने के लिए दी सलाह

**सीहोर।** वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के टाइगर रिजर्व में सफारी टिकटों की बुकिंग केवलMPOnline के माध्यम से ही अधिकृत है। इसके अलावा किसी भी निजी वेबसाइट, मोबाइल ऐप या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सफारी बुकिंग की अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे किसी भी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही बुकिंग अवैध है। विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अत्यंत सतर्क रहें और केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही सफारी बुकिंग करें। विभाग की अपील है कि यदि किसी पर्यटक ने इन अनधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफारी बुक कराई है और वह धोखाधड़ी का शिकार हुआ है, इससे किसी प्रकार का नुकसान हुआ है अथवा बुकिंग संबंधी कोई अन्य शिकायत है, तो वह तत्काल संबंधित कार्यालय को इसकी सूचना दे। शिकायतों को कार्रवाई के लिये राज्य साइबर पुलिस सेल को भेजा जाएगा।

### सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम

# अनुशासन, जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं खेल: राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में आयोजित सीनियर स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। इस गरिमामय आयोजन ने प्रदेश भर के खिलाडिय़ों को अपनी शक्ति और कौशल प्रदर्शन के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय व विशेष अतिथि डॉ गगन नामदेव द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री राय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक शक्ति बढ़ाते हैं, बल्कि अनुशासन और जुझारूपन के गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया। राज्य स्तरीय इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों से आए पुरुष एवं महिला खिलाडिय़ों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरी प्रतियोगिता अत्यंत पारदर्शी और अनुशासित रही। प्रतियोगिता के अंत में




विजयी खिलाडिय़ों को मेडल और प्रमाण पत्र भारतीय किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी , भानु सिंह राजपूत विश्व हिंदू परिषद पूर्ण कालिक, पूर्णिमा वर्मा कमांडर गुलाबी गैंग ( मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र) जिला खेल अधिकारी रूबिका दीवान द्वारा प्रदान किए गए। आयोजक समिति के भारत सोनी, नितिन शर्मा, सत्यनारायण वारिया, सुमित गिरोठिया, प्रतीक नामदेव ने सभी सहयोगियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए खेल भावना को सदैव जीवित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग अंकित शर्मा, विकास वारिया, नमन सोनी आदि का रहा। क्त प्रतियोगिता में 59 किलो पुरुष प्रथम अरिहंत जैन इंदौर कॉरपोरेशन, द्वितीय नयन शर्मा उज्जैन, तृतीय अनुराग बेन जबलपुर, 66 किलो पुरुष प्रथमध्रुव राज कुरे भोपाल जिला, द्वितीय अंटोन शाजी भोपाल कॉरपोरेशन, तृतीय विवेक पांडे इंदौर कॉरपोरेशन, 74 किलोग्राम पुरुष, प्रथम सुमित सिंह ठाकुर जबलपुर, द्वितीय अमन भगत इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय अभिषेक शर्मा उज्जैन, 83 किलोग्राम पुरुष, प्रथम योगेश नाथ जिला भोपाल, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल कॉरपोरेशन, 93 किलोग्राम पुरुष, प्रथम जय सिंह बाघ रतलाम, द्वितीय हर्ष रघुवंशी इटारसी, तृतीय मयंक कुमार शर्मा भोपाल, 105 किलोग्राम पुरुष, प्रथम शशांक जोशी जबलपुर, द्वितीय आशीष यादव इंदौर जिला, तृतीय स्नेह राज सिंह पवार इंदौर कॉरपोरेशन, 120 किलोग्राम प्रथम मयंक जोशी उज्जैन, द्वितीय बुद्धदेव सिन्हा इंदौर कॉरपोरेशन, तृतीय आदित्य सिंह कुशवाहा इंदौर जिला, 120+ किलोग्राम पुरुष प्रथम सुदर्शन तिवारी बड़वानी, द्वितीय परितेश पाल इंदौर कॉरपोरेशन वजन वर्ग में अपना दमखम दिखाया। सभी विजेता खिलाडिय़ों को शुभकामनाऐं एवं बधाई प्रेषित की गई।

# सेवा ही है सनातन का मूल तत्व: राजकुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम रुद्राक्ष महोत्सव 2026 के पावन अवसर पर गुरुकुल द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा हेतु जिले के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। रेलवे स्टेशन, दुर्गा माता मंदिर, तहसील चौराहा, धाम पार्किंग सहित कई स्थानों पर 400 स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। इस संबंध में गुरुकुल के प्रमुख डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि सेवा ही सच्ची साधना है, सेवा ही सनातन का मूल तत्व। महोत्सव में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान हमारी प्राथमिकता है। यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और मानव सेवा का महायज्ञ है। डॉ. मालवीय ने समस्त स्कूलों, एनजीओ, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और युवाओं से अपील की है कि वे इस पुनीत सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें। सामग्री दान अथवा स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर भी श्रद्धालुओं की सेवा की जा सकती है। गुरुकुल द्वारा सामग्री दान हेतु संपर्क सूत्र जारी किए गए हैं। इच्छुक नागरिक दान सामग्री सेवा केंद्रों तक पहुंचाकर या स्वयं उपस्थित होकर वितरण कर सकते हैं। डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि सामूहिक प्रयास, सेवा भावना और सहयोग से ही महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाया जा सकता है। इस अनुष्ठान में गुरुकुल के सहयोगी संगठन डॉक्टर सावित्री पाठक सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान समिति, आर्यावर्त सनातन संस्कृति संस्थान, मां हिंगलाज सेवा समिति, नर्मदापुर युवा मंडल, गुरुकुल सेवा समिति, कर्मभूमि समिति, कर्मयोगी संस्था हैं।

## खबर संक्षेप



### व्यवस्थाओं का कलेक्टर-एसपी ने लिया जायजा

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. एवं पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त व्यवस्थाओं में सतत निगरानी रखी जाए और संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता न आने पाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, पार्किंग प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का विशेष रूप से जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सतत रूप से संचालित होती रहें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने धाम समिति एवं विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब: नर्मदा तट से शिवालयों तक गूंजे हर-हर महादेव के जय घोष

# दूर-दूर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के तट पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का किया अभिषेक

शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भैरूंदा तहसील श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगी नजर आई। भोर की पहली किरण के साथ ही क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। 'हर-हर महादेव' और 'ॐ नमः शिवाय' के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पावन तट पर आस्था की डुबकी लगाकर भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।सबसे अधिक भीड़ नर्मदा के प्रसिद्ध नीलकंठ स्थित कौशल्या संगम पर उमड़ी। तड़के से ही श्रद्धालुओं का सैलाब यहां पहुंचने लगा था। स्नान के बाद भक्तों ने विधि-विधान से पूजन कर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए।

कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे और बच्चों के साथ पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ अर्जित किया। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले।तहसील के प्रमुख शिवालयों—नीलकंठेश्वर महादेव, सातदेव मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, टपकेश्वर महादेव सलकनपुर और मनकामेश्वर मंदिर—में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। मंदिरों में पंचामृत से अभिषेक किया गया। दूध, दही, शहद, घी और शक्कर से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, सुखद वैवाहिक जीवन और समृद्धि की कामना की। भजन-कीर्तन और शिव महिमा के गुणगान से धार्मिक वातावरण और भी पवित्र हो उठा।नर्मदा के अन्य प्रमुख घाटों—मंडी, सिलकंठ, छीपानेर और सातदेव तट—पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। स्नान-दान और पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला दिनभर चलता रहा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर भजन संध्या और रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने नीलकंठ घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पटवारी और कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई थी। घाटों पर बैरिकेडिंग कर भीड़ प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए।वहीं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में थाना भैरूंदा और गोपालपुर थाना पुलिस बल तैनात रहा। घाटों पर गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई थी, ताकि स्नान के दौरान किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर भैरूंदा में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। धार्मिक स्थलों पर फलहारी प्रसाद के रूप में साबूदाने की खिचड़ी, भगर की खीर, हलवा और सीरा वितरित किया गया। कई मंदिरों और घाटों पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।नर्मदा तट से लेकर शिवालयों तक उमड़ा यह आस्था का जनसैलाब महाशिवरात्रि को अविस्मरणीय बना गया। भक्तों के चेहरों पर भक्ति की आभा और मन में शिव के प्रति अटूट विश्वास साफ झलकता रहा। पूरे क्षेत्र में दिनभर श्रद्धा, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## नर्मदा नदी के तट पर तीन दिवसीय मेले का किया शुभारंभ, कबड्डी प्रतियोगिता से गूंजा उत्सव स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नीलकंठ नर्मदा तट पर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ हो गया है। नर्मदा किनारे बसे इस धार्मिक स्थल पर हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की और मेले में पहुंचकर परिवार सहित उत्सव का आनंद लिया।मेला परिसर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री और मनोरंजन की व्यवस्थाएं की गई हैं।

खिलौनों, घरेलू उपयोग की वस्तुओं, मिठाई एवं खानपान की दुकानों से बाजार सजा हुआ है। आस पास के ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र में रौनक बढ़ गई है।खेल के मैदान में भी दिखा उत्साहधार्मिक आयोजन के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों के सहयोग से कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने भाग लिया है।आयोजकों ने विजेता टीम के लिए 11 हजार रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 7 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान के लिए 5 हजार चतुर्थ 3हजार रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया है।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस 500 रुपये निर्धारित की गई है। उद्घाटन मुकाबले में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।आस्था और आयोजन का संगममेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल देने का भी माध्यम बन रहा है।

स्थानीय युवाओं को मंच मिल रहा है तो छोटे व्यापारियों को रोजगार का अवसर।तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए ग्रामीणों और समिति सदस्यों द्वारा व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखी जा रही है।

## जमीनी विवाद में चाचा-भतीजी पक्ष में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



थाना क्षेत्र अंतर्गत पाचौर में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। आरोप है कि चाचा ने अपने ही भतीजी और भतीजे पर डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार फरियादी साक्षी मेहरा (25) पिता विष्णु प्रसाद मेहरा निवासी पाचौर ने अपने भाई सुमित मेहरा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

साक्षी ने बताया कि उनके और उनके चाचा अर्जुन मेहरा के बीच खेत पर बनी टापरी को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा था, जिसका राजीनामा हो चुका था। शनिवार शाम करीब 7.30 बजे वह अपनी बहन आदिति मेहरा और मामा के लड़के अंकित मेहरा के साथ खेत पर बनी टापरी पर मौजूद थीं।इसी दौरान अर्जुन मेहरा, मनोज मेहरा और महेंद्र मेहरा वहां पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए टापरी खाली करने को कहने लगे। विरोध करने पर अर्जुन व महेंद्र ने हाथ में रखे डंडों से साक्षी के साथ मारपीट की, जिससे उसके चेहरे और पैर में चोट आई। बीच-बचाव करने पहुंची आदिति और अंकित के साथ भी मारपीट की गई। आदिति के मुंह व कमर तथा अंकित के सिर में चोट बताई गई है। शोर सुनकर सुमित मेहरा मौके पर पहुंचे तो आरोपी कथित रूप से धमकी देते हुए चले गए।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अर्जुन मेहरा और उनकी पत्नी ने भी मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है। थाना भैरुंदा पुलिस ने दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर प्रकरण कायम कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## ग्राम पंचायत काकड़दा में बाल वाटिका और गुनाई में नए आंगनबाड़ी भवन का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम पंचायत काकड़दा में 5 लाख 41 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बाल वाटिका एवं ग्राम गुनाई में 9 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने फीता काटकर किया। स्वागत भाषण सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह नागर ने दिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि सोनकच्छ विधानसभा की सबसे सुंदर बाल वाटिका ग्राम पंचायत काकड़दा में निर्मित हो रही है, जो क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करेगी।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से विकास कार्यों के लिए रोड निर्माण, टीन शेड एवं घाट निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला बाई भेरूलाल अटारिया, जनपद पंचायत सोनकच्छ उपाध्यक्ष कृष्णा बाई मदन सिंह धाकड़, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा राजीव खंडेलवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट विमल नागर ने किया एवं आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने व्यक्त किया।

## विषय चयन अधिवक्ताओं को दिशा देंगे न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया की दूरदर्शी सोच, व्यक्तिगत प्रेरणा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में ए.डी.आर भवन जिला न्यायालय परिसर देवास, में विधिक दक्षता संवाद श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिश्र के सतत मार्गदर्शन का प्रतिफल है, जिन्होंने अधिवक्ताओं के व्यावसायिक उत्थान एवं दक्षता संवर्धन के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता करते हुए स्वयं इस श्रृंखला की परिकल्पना की है। इस श्रृंखला का मूल उद्देश्य अधिवक्ताओं विशेषकर नवीन/युवा अधिवक्ताओं को विधिक विषयों पर व्यावहारिक एवं क्रियात्मक ज्ञान प्रदान करना है, जिससे उनकी पैरवी - कौशल में वृद्धि हो सके। इस श्रृंखला के अंतर्गत प्रत्येक अकार्य शनिवार को एक संवादात्मक आयोजन किया जाएगा, जिसमें न्यायिक अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर अधिवक्ताओं को विधिक विषयों पर व्याख्यान/मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विशेष बात यह है कि प्रत्येक सत्र का विषय अधिवक्ताओं द्वारा स्वयं सुझाया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशिक्षण उनकी वास्तविक आवश्यकताओं एवं व्यावहारिक कठिनाइयों के अनुरूप हो। प्रधान जिला न्यायाधीश ने युवा वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल अधिवक्ता वही है जो अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखते हुए केवल तथ्यों पर ध्यान केंद्रित करे। मुख्य परीक्षण जहां आपके केस की नींव रखता है, वहीं प्रतिपरीक्षण सत्य को खोजने का एक महत्वपूर्ण अस्त्र है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता को अपने गवाह से ऐसे प्रश्न पूछने चाहिए जिससे केस की कहानी स्पष्ट रूप से न्यायालय के समक्ष आए। इसमें 'सूचक' प्रश्न' पूछने से बचना चाहिए। एक अधिवक्ता को पता होना चाहिए कि कब प्रश्न पूछना है और उससे भी महत्वपूर्ण यह कि कब प्रश्न 'नहीं' पूछना है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं का गहराई से अध्ययन करें। उन्होंने कहा कि ''वकालत का पेशा निरंतर सीखने का है, और आपकी तैयारी ही न्यायालय में आपकी सबसे बड़ी शक्ति है।''इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता और बड़ी संख्या में युवा अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नवागत अधिवक्ताओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया। उक्त विधिक दक्षता संवाद श्रृंखला कार्यक्रम के साथ ही मध्यस्थता जारूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें नवीन/युवा अधिवक्ताओं को मध्यस्थता योजना के अंतर्गतः- मध्यस्थता की प्रक्रिया, उसके लाभ एवं समय की बचत के साथ - साथ पक्षकारों के आपसी विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से किस प्रकार से निराकरण होता है की जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही यह भी बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का शीघ्र निराकरण होने से न्यायालय में लंबित प्रकरणों की संख्या भी कम सके। मध्यस्थता के माध्यम से अधिकांशतः वैवाहिक प्रकरण एवं आपराधिक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए अगर पक्षकारों को मध्यस्थता योजना की सही जानकारी व प्रक्रिया का अधिवक्तागण द्वारा समझाईश दी जाए तो न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिक संख्या में निराकरण हो सकता है।

## राष्ट्रीय जाट महासभा ने आयोजित की महाराजा सूरजमल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

राष्ट्रीय जाट महासभा के नेतृत्व में जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल की 320 वी जयंती इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ी चौराहा पर धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सैकड़ो लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ शिक्षक व जाट महासभा के जिला प्रवक्ता रामचंद्र जाट ने अपने संबोधन में बताया कि महाराजा सूरजमल आदित्य शौर्यशाली, दूरदर्शी नेतृत्व और कुशल प्रशासनिक क्षमता वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने कहा कि वे 18वीं शताब्दी के महान शासक थे उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी वीरता और बुद्धिमत्ता से राज्य को सशक्त बनाया। उन्होंने सामाजिक समरता, संगठन और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में युवाओं ने महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में शिक्षा, संगठन एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठींगला, उपाध्यक्ष कमल रियाड, जिला अध्यक्ष दुर्गेश डांगा, जिला सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश जाट, तहसील अध्यक्ष जगदीश जाखड़, उपाध्यक्ष गोवर्धन पटेल, मोहन मुहाल, रमेश जाखड़, मोहन सेंगवा, मोहन सारण, बलराम कुड़िया,रवि पूनिया, बाबूलाल थारोल और जाट समाज के साथ साथ अन्य समाज के भी कई लोग उपस्थित थे। जिला प्रवक्ता रामचंद्र जाट ने महासभा की ओर से महाराजा सूरजमल की प्रतिमा लगाने हेतु बड़ी से चापड़ा चौराहे के मध्य एक उपयुक्त स्थान प्रदान करने की शासन प्रशासन से मांग की है ।

### परीक्षा में लापरवाही: दो पर्यवेक्षक निलंबित किए

**देवास।** जिला अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश भोपाल की परीक्षा वर्ष 2025-26 के दौरान पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दो पर्यवेक्षकों को निलम्बित किया है तथा केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को शोकाज नोटिस जारी किया है, जिसमें परीक्षा केन्द्र अशा. कैमब्रिज उ.मा.वि. देवास में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक गिरिश कौशल एवं परीक्षा केन्द्र अशा. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. विजय नगर देवास में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त दरक्षा कुरैशी को पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलम्बित किया है।

## गार्डन एसोसिएशन का दो दिवसीय पुष्प मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मल्हार स्मृति मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय पुष्प मेले का शुभारंभ एडीएम शोभाराम सोलंकी के कर कमलों से हुआ। इस वर्ष पुष्प मेले में फूल पौधों को एक उद्यान जैसा रूप देकर सजाया गया है। इस वर्ष भी पुष्प मेले में अनेक प्रकार के फूल आए है, दुर्लभ फूल में बर्ड ऑफ पेरेडाइज देखने को मिल रहा है और मौसमी फूल डेहलिया, पिटुनिया, पेंजी, डायन्थस, फ्लाक्स, वर्बिना, सेवंती, झिनिया, इम्पेशन, बिगोनिया, क्रायसेंथेमम, साल्विया, केलेन्चो है तो पन्सेटिया आदि भी अपना रंग बिखेर रहे है। ऑनामेंटल प्लांट में क्रिसमस ट्री, अरेलिया, ड्रेसिना, क्रोटन, डफन बेकिया, एग्लोनिमा, एरिकापाम, पॉम पॉम चम्पा मेले की शोभा बढ़ा रहे है। फूलों का राजा तो हमेशा की तरह अनेक रंग रूप में आया है। इस मौसम में एडिनियम, एन्थुरियम भी फूलों के साथ दिख रहे है। गजरा गियर्स, किर्लोस्कर ब्रदर्स के पुराने बोन्साई भी है। परासिया के मिनिएचर लेण्ड स्केप पौधों को मोर आदि जैसे भिन्न भिन्न आकार में बनाकर रखा है। मंगला एवं शेकटकर द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में फूलों के रंग शिवरात्रि के संग थीम पर सजावट की गई है।

### घटना स्थल से ठेकेदार ने निर्माण में लगी मशीनें की गायब

# पीएम सड़क की रिटर्निंग वाल धंसने से दो मजदूर दबे, एक की मौत, एक घायल

*बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्मित वाल निर्माण कार्य में दस लोग हरिपुर बेरासिया से सारंगपुर के निपनिया तुला पहुंचे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सारंगपुर तहसील के ग्राम निपानिया तुला में प्रधानमंत्री सड़क की वाल निर्माण कार्य करने पहुंचे ग्राम हरिपुर बड़ा बेरासिया थाना नजीराबाद के 10 मजदूर को क्या पता था कि मजदूरी करने जाएंगे और मजदूरी के दौरान काल उनके ऊपर समा जाएगा। 15 वर्ष पुरानी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क धंसने के बाद प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने सड़क को सुगम बनाने के उद्देश्य से वाल निर्माण का टेंडर जारी किया। बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार शिव लखन सिंह तोमर निवासी ग्वालियर के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया, लेकिन निर्माण एजेंसी एवं संबंधित ठेकेदार की लापरवाही इतनी भारी पड़ी की एक मजदूर का बेटा मौत की कोख में समा गया तो दूसरा गंभीर हालत में सारंगपुर अस्पताल में जीवन एवं मौत से संघर्ष कर रहा है।

घटना की जानकारी लगते ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हुआ और राजस्व विभाग से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी इस घटना को लेकर लगातार संपर्क में थे इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में एसडीओपी अरविंद सिंह घायल एवं मृतक को देखने पहुंचे एवं उनके परिजनों को सांत्वना दी मृतक के पिता ने रो रो कर बताया



कि हमें क्या मालूम था कि ऐसी मजदूरी करेंगे मजदूरी करने हम 10 लोग आए थे ठेकेदार ने सड़क का वाल निर्माण का कार्य बताया उसी अनुसार काम चालू किया, लेकिन सामग्री कितनी गुणवत्तापूर्ण थी इसकी जानकारी हमें नहीं है और ना ही किसी प्रकार से हमें सुरक्षा उपाय दिए गए थे ऐसे में वाल की दीवाल गिरी और मेरा बच्चा मौत के मुंह में समा गया।

इस संबंध में विभाग के इंजीनियर जगदीश पाटीदार ने बताया कि मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा था मिट्टी धंसने से दो मजदूर निर्माणाधीन रिटर्निंग वाल टूटने से दब गए थे जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई दूसरे का उपचार जारी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक सारंगपुर के सिविल अस्पताल में मजदूरों की चीख पुकार घटना



का दर्द बयां कर रही थी ऐसे में मजदूर के बेटे की मौत होना कहीं ना कहीं ठेकेदार की घोर लापरवाही का नतीजा है देखना है कि संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध प्रशासन क्या कदम उठाता है फिलहाल तो मृतक का पोस्टमार्टम के लिए नियत स्थान पर रखा गया है एवं दूसरे घायल का इलाज जारी है।

**कैसे हुआ हादसा**

सारंगपुर के लीमाचौहान थाने के गांव निपानिया तुला की पूर्व से निर्मित प्रधानमंत्री सड़क का कटाव हो जाने के बाद विभाग द्वारा सड़क दुरुस्ती करण के लिए टेंडर जारी किया गया उसमें मजदूर कार्यरत थे। ग्रामीणों ने बताया कि सभी मजदूर बगैर सुरक्षा के कार्य कर रहे थे कि अचानक मिक्सर मशीन का दबाव जमीन पर आया और दीवार पर लगा जिससे मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब गए जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई वही दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूरों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण सहायता के लिए पहुंचे और पुलिस को खबर दी पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से गिरी हुई रिटर्निंग बाल में दबे हुए मजदूरों को निकाला तब तक ठेकेदार निर्माण कार्य में लगी समस्त मशीनें लेकर रफूचक्कर हो गया। घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**इनका कहना है...**

घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर इंजीनियर को भेजा गया है। कितने रुपए का कार्य है मुझे नहीं मालूम। इंजीनियर से पूछ लो एक हजार काम चलते हैं किस किस को बताऊंगा।

राहुल वर्मा
जीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क राजगढ़

मजदूरों की ओर से ठेकेदार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

अरविंद्र सिंह
एसडीओपी सारंगपुर

# मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 5 पंचायतों को दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भवानीपुरा, रामगढ़, पुराबरायठा, पांजरा एवं पगारा में लगभग 1 करोड़ 76 लाख से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन पंचायतों में पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल,सीसी रोड, पेवर्स कार्य एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनसुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य जनता जनार्दन की मांग और आवश्यकता के अनुरूप होता है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण से जहां किसानों और विद्यार्थियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क का सशक्त केंद्र बनेंगे।

मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य कर रही है और यह सब जनता के विश्वास और आशीर्वाद का परिणाम है। मंत्री पंवार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है।

## पीएम श्री कन्या विद्यालय खुजनेर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**खुजनेर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में अध्यक्षता उपाध्यक्ष बाबू लाल कुशवाहा ने की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बैठक में नगर के पार्षद लोकेन्द्र यादव एवं गिरिजा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु अपने सुझाव साझा किए। प्रबुद्ध समाजसेवी अरविन्द गुप्ता ने भी बैठक में शिरकत की और छात्राओं की शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया विद्यालय के प्राचार्य हितेश सोनी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की कार्यक्रम में रमण कुशवाहा, माया यादव रूपा चतुर्वेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिन्होंने बैठक के एजेंडे पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक के अंत में शाला विकास के संकल्प के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक

# शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेडीको-लीगल प्रकरण (एमएलसी) रिपोर्ट की पेंडेंसी, नारकोटिक्स नियंत्रण एवं मेडिकल स्टोर्स की निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एमएलसी रिपोर्ट की लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निपटारा करें।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से इंजेक्शन 'एविल' सहित संवेदनशील दवाओं की बिक्री पर सतर्क दृष्टि रखने तथा मेडिकल स्टोर्स का रेंडम निरीक्षण करने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने के लिए कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित सीबीएमओ के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी ने भी नारकोटिक्स नियंत्रण एवं एमएलसी प्रकरणों में पुलिस- स्वास्थ्य विभाग के समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अवैध दवा बिक्री एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

## अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा



**राजगढ़।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), संबंधित थाना प्रभारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में थानावार लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला लोक अभियोजक को निर्देशित किया गया कि वे अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में नियमित अर्द्धवार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा न्यायालय में शीघ्र चालान प्रस्तुत कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बैठक में स्पष्ट किया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के अत्याचार या भेदभाव को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** नरसिंह मंदिर प्रांगण, संडावता में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने संत रविदास के जीवन एवं विचारों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपने उपदेशों से सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों और जातिगत भेदभाव पर प्रहार करते हुए समानता और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा उक्ति को आत्मशुद्धि और सामाजिक सद्भाव का मूल मंत्र बताया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने निर्गुण भक्ति के माध्यम से यह सिद्ध किया कि ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग शुद्ध मन और श्रेष्ठ कर्मों से होकर जाता है। उन्होंने शोषित एवं वंचित वर्ग को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से वाराणसी स्थित संत रविदास मंदिर के शिखर का स्वर्ण मंडन किया गया है। साथ ही 647 वीं जयंती पर सीर गोवर्धन स्थित मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशाल प्रतिमा का अनावरण संत के विचारों के राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने सामाजिक समरसता, नशामुक्ति एवं नैतिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का भूमि पूजन


# मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चौक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पानी का टैंकर पलटने से स्विफ्ट डिजायर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ




**जीरापुर।** नगर के खिलचीपुर नाका पर तेज गति से आ रहे पानी के ट्रैक्टर-टैंकर के पलटने से अफरा-तफरी मच गई। टैंकर पलटनें से नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार आई चपेट में। जीरापुर के व्यस्ततम मार्ग खिलचीपुर नाका पर शुक्रवार रात्रि लगभग सात बजे एक पानी का ट्रेक्टर - टेंकर तेज गति से आ रहा था जोकि किसी पशु को बचाने के चक्कर में पलट गया जिसमें नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कार का अगला हिस्सा टैंकर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस अनहोनी घटना में किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई , सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना के कारण मार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक कवन धारा 281 बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा का दावा करने वाला अस्पताल निरीक्षण में मिला बंद

## डॉक्टर की टीम ने बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

निजी स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई उस समय सामने आ गई जब डायरेक्ट्रेट के आदेश पर जांच करने पहुंची डॉक्टरों की टीम को श्री देव हॉस्पिटल कुरावर के मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। टीम ने करीब 45 मिनट तक अस्पताल प्रबंधन के आने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं पहुंचा तो मौके पर पंचनामा बनाकर पूरी स्थिति दर्ज करनी पड़ी। हालांकि प्रबंधक के बड़े भाई धीरज सिंह वहां पहुंचे थे परंतु वह भी जांच टीम को अस्पताल संबंधी आवश्यक दस्तावेज में असमर्थ रहे। जब स्वास्थ्य सेवाएं यदि निजी अस्पताल के रूप में शुरू की जाती हैं तो प्राथमिकता रहती है कि 24 घंटे अस्पताल खुला रहे एवं डॉक्टर की व्यवस्था रहे। परंतु देव अस्पताल में जब जांच टीम पहुंची तब ताला डला हुआ था। ऐसे में निरीक्षण के समय बंद मिलना स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। जांच करने कुरावर श्री देव अस्पताल पहुंच दल में डॉ जेके शाक्य की अध्यक्षता में सहयोगी सदस्य में रूप में डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ मनीष चौहान एवं डॉ लखन दांगी सम्मलित रहे एवं नायब तहसीलदार तथा उपनिरीक्षक थाना कुरावर भी मौजूद रहे।







**1 महीने बाद भी अस्पताल क्यों नहीं दिखा पाए दस्तावेज**

दिसंबर माह में जब सिविल सर्जन कुरावर के देव अस्पताल की जांच करने सीएमएचओ के निर्देश पर पहुंचे थे तब भी वहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं था और नर्सिंग स्टॉफ ही दिखा था। इस पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने अस्पताल के संचालक से आवश्यक दस्तावेज के साथ सीएमएचओ ऑफिस में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे जिस पर आज 1 महीने निकलने के बाद भी अस्पताल संचालक द्वारा संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

**इनका कहना है...**

मेरी जांच टीम से बात हो गई थी पर वो रुके ही नहीं।

डॉ प्रेम गुर्जर, संचालक देव हॉस्पिटल

# जूनियर डॉक्टरों की स्टाइपेंड वृद्धि की मांग, 15 दिन में निर्णय नहीं तो हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों की वार्षिक स्टाइपेंड वृद्धि लागू करने की मांग को लेकर डीन मनीष निगम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ विमल मेहरा ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर और सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष अप्रैल में वृद्धि का प्रावधान है, जिसका पालन पूर्व वर्षों में होता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की वेतनवृद्धि जनवरी 2026 तक लागू नहीं होने से डॉक्टरों को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई,



आवास, भोजन और शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। डॉ मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में निर्णय नहीं हुआ तो जूडा विदिशा हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# अवैध चलते 12 वाहन पकड़े, 58 हजार वसूले

**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नटेरन एवं अशोकनगर रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान 12 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से 58 हजार का जुर्माना




वसूला गया। शेष 8 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जब्त कर पुलिस थाना परिसर नटेरन व करारिया में खड़ा कराया है। जब्त वाहनों में सांदीपनि स्कूल नटेरन में संचालित बस सहित 2 स्कूल बसें शामिल हैं। परिवहन विभाग के अनुसार जप्त वाहनों से लगभग 2 लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### नगरीय विकास मंत्री का विधायक ने किया स्वागत



**आष्टा।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के बापचाधाम में चल रही साथ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं शिव शक्ति महायज्ञ में शामिल होने भोपाल से बापचाधाम जाते वक्त आष्टा पहुंचने पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का कॉलोनी चौराहे पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सुशील संचेती, अतुल शर्मा, राजेंद्र केशव जावर,विशाल चौरसिया, मोहित सोनी, कुलदीप सिंह ठाकुर धुराडा, सौरभ जैन शीतल, बिट्टू शर्मा, राजेश घेंघट,सुनील यादव तेजसिंह ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, अजय गब्बर, शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं साथ आये भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा का भव्य स्वागत और सम्मान किया।

### जिनालयों में आकर्षक घड़ियों का समर्पण किया

**आष्टा।** धर्म और तीर्थ संरक्षण के उद्देश्य से सक्रिय श्री अखिल भारतीय तीर्थ संरक्षणी महासभा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए आष्टा नगर के विभिन्न जिनालयों के लिए विशेष रूप से आकर्षक एवं उपयोगी घड़ियों का निर्माण करवाया गया। इन घड़ियों को शनिवार 14 फरवरी को देवाधिदेव 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संबंधित जिनालयों में समिति के नरेन्द्र उमंग श्रीमोड ने समाजजनों की उपस्थिति में समर्पित किया गया। महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों की उपस्थिति में आष्टा नगर के प्रमुख जिनालयों श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर, श्री चंद्र प्रभ जिनालय अरिहंतपुरम, श्री चंद्र प्रभु जिनालय, श्री आदिनाथ जिनालय तलेन में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ इन घड़ियों को स्थापित किया। इस अवसर पर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के निर्वाण कल्याणक के उपलक्ष्य में भक्ति भाव से निर्वाण लाडू अर्पित किया।

### महाशिवरात्रि पर्व पर अंचल में हुए कई आयोजन, कहीं निकला चल समारोह तो कहीं किया रुद्र अभिषेक

# हर-हर महादेव, बम-बम भोले: भक्ति और उल्लास के साथ मनाया पर्व, सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की लगी कतारें








**महाशिवरात्रि का पर्व पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

नगर के प्राचीन मंदिरों से लेकर मोहल्लों, कालोनियों के शिवालयों में शिवभक्ति का माहौल देखने को मिला। स्थानीय प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा और दर्शन के विशेष इंतजाम किए थे ताकि भक्तों को परेशानी न हो। शहर के प्राचीन शंकर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई साथ ही अन्य शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। प्राचीन शंकर मंदिर में भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार देखने को मिलेगा साथ ही यहां सुबह से अभिषेक शुरू हो गए। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम देखने को मिले।जगह-जगह प्रसादी वितरण हुआ। मंदिरों को फूलों और विद्युत सज्जा से सजाया गया था।शाम को कई मंदिरों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार और आरती भी की जाएगी। पूरा क्षेत्र शिव आराधना में लीन नजर आया।पार्वती नदी के तट पर स्थित आष्टा के सुप्रसिद्ध और प्राचीन शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी । पांडवकालीन माने जाने वाले इस 500 वर्ष पुराने मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस वर्ष यहां तीन दिवसीय भव्य आयोजन हुए हैं।जिसकी शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की गई थी।इस मंदिर की विशेषता इसकी दुर्लभ प्रतिमा है। यह क्षेत्र का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां मां पार्वती, भगवान शिव के वाम अंग में विराजित हैं, जो कि बहुत कम स्थानों पर देखने को मिलता है।

### डैम पर किया अभिषेक



सिद्धिगंज। शिवरात्रि को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह बना हुआ है। शनिवार को भी सिद्धिगंज स्थित रामपुरा डैम पर बने शिव मंदिर पर शिवभक्तों ने महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया व धार्मिक आयोजनों का क्रम दिनभर जारी रहा। शिवालयों में शिव विवाह का उत्साह देखते ही बन रहा है। विवाह आयोजन के तहत महादेव को हल्दी व मेहंदी लगाई गई। इस दौरान मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा और सभी ने दूल्हे बने महादेव के आकर्षक स्वरूप के दर्शन किए।

### देवबड़ला बीलपान में मेला संपन्न

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातत्व धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में त्रदीवसीय मेला सम्पन्न हुआ मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने कहा महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा विलवैश्वर महादेव का रूद्र अभिषेक महाआरती कर माहाप्रसादही का वितरण लंबे समय तक चलता रहा देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया सुबह से शाम तक भक्तों का ताता लगा रहा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर कथा श्रावण की( आज की कथा में बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का प्रकटीय हुआ था। शिवरात्रि के पावन पर्व पर ही जगत के पालनहर भगवान विष्णु व सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा ने भगवान भोलेनाथ का अभिषेक पूजन किया था उसी दिन से महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाने लगा। शिवरात्रि के माहा पर्व पर शिव आराधना भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक पंचाक्षरही मंत्र का जॉब विशेष रूप से किया जता है। कई जगह पर शिव पुराण के अनुसार भगवान भोलेनाथ के विवाह के रूप में भी महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाया जाता है जो सादैव सनातानियों के लिए आस्था का विषय रहा है। प्राचीन देवबड़ला धाम पर त्रिदिवसीय सतसंग में पंडित राजेश शर्मा ने धर्म कर्म के विषय में विस्तार पूर्वक श्रद्धालुओं को बताया। आत्मा और पर्मआत्मा के विषय में बताते हुए श्री शर्मा ने नाम जप करने के विषय में सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया।

### बमुलिया में मनाया पर्व



**जावर।** गांव बमुलिया रायमल में एवं पुरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर शिवालय मंदिरों में युवाओं ने अभिषेक किया पुजा अर्चना की गांव बमुलिया रायमल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गांव के युवाओं ने भोले बाबा के मंदिर में अभिषेक किया और बड़े ही धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया ढ़ोल नगाड़े के साथ जुलूस एवं भगवान भोलेनाथ की पालकी निकाली गई और रात्रि में भोले बाबा के यहां भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

### श्रद्धालुओं के लिए ऑटो का किराया निर्धारित

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम पर 14 से 20 फरवरी तक रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके दृष्टिगत कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कुबेरेश्वर धाम के लिए ऑटो रिक्शा का किराया भी निर्धारित किया गया है। जिसमें सीहोर रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वर धाम 30 रुपये प्रति सवारी और सीहोर बस स्टैंड से कुबेरेश्वर धाम 25 रुपये प्रति सवारी निर्धारित है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि श्रद्धालुओं से निर्धारित किराये से अधिक किराया न लिया जाए। इसके साथ ही सभी ड्रायवर के आई-कार्ड अथवा वैच धारण करें ताकि पहचान सुनिश्चित रह सकें। उन्होंने निर्देश दिए है कि सभी ऑटो वाहन क्षमता से अधिक यात्री ना बैठाये तथा गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें, ताकि आयोजन में यातायात बाधित ना हों।

## शिव शक्ति महायज्ञ में राजनेता पहुंचे बापचा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिले की आष्टा तहसील के ग्राम बापचा बरामद स्थित खुटालिया बैकुंठधाम संस्थान में 9 दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी शामिल हुए। उन्होंने मंच पर खड़े होकर एक भजन सुनाया, जिस पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और नाचने लगे।धाम सरकार के सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ में आशीर्वाद लेने के लिए कई राजनीतिक हस्तियां बापचा बरामद पहुंच रही हैं। इस 9 दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ में पंचकुंडी यज्ञ, हवन और वेद मंत्रों का उच्चारण किया जा रहा है।इस अवसर पर क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति बैकुंठ धाम पहुंचे। करोली बाबा के पोते अच्युतानंद शर्मा भी यहां उपस्थित थे, जिनके दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को आशीर्वाद दिया।नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संत गोविंद जाने के श्री मुख से हो रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचकर उनका स्वागत भी किया। इस 9 दिवसीय कार्यक्रम में सीहोर जिले के साथ-साथ अन्य जिलों के श्रद्धालु और आसपास के ग्रामीण भी रोजाना बैकुंठ धाम पहुंच रहे हैं।

## सिर्फ पिच्छिका-कमंडल धारण करने और व्रती बनने से कल्याण नहीं होगा: विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर अलीपुर अरिहंतपुरम में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने कहा कि मनुष्य पर्याय अत्यंत दुर्लभ है और यह सौभाग्य तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग आत्मकल्याण के लिए किया जाए।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के शासन में जन्म लेना, जैन कुल प्राप्त होना तथा सच्चे देव, शास्त्र और गुरु का सानिध्य मिलना बड़े पुण्य का परिणाम है, किंतु यदि मनुष्य जीवन पाप प्रवृत्तियों और विषय-भोगों में व्यर्थ कर दिया तो पुनः ऐसा अवसर मिलना कठिन हो जाएगा। मुनिश्री ने कहा कि आज मनुष्य इंद्रिय भोगों में सुख मान बैठा है, जबकि जैन दर्शन परिणामों की शुद्धि पर बल देता है। केवल औपचारिक पूजा, दर्शन या बाह्य आडंबर से आत्मकल्याण संभव नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि गंगा स्नान या भगवान को चावल चढ़ाने मात्र से पापों का क्षय नहीं होता, इसके लिए धर्म पुरुषार्थ आवश्यक है।उन्होंने कहा कि साधु-संत निरंतर आत्मकल्याण की प्रेरणा देते हैं, परंतु उस पर अमल कितना होता है, यह चिंतन का विषय है।

जैन दर्शन के अनुसार आठ वर्ष की आयु में बालक को शिक्षा और संस्कार हेतु तथा साठ वर्ष की आयु के पश्चात व्यक्ति को आत्मकल्याण के लिए त्याग और संयम के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। पूर्वकाल में बच्चों को शिक्षा और संस्कार के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था, किंतु आज मोबाइल और टीवी ने संस्कारों को प्रभावित किया है। माता-पिता का दायित्व केवल संतान उत्पन्न करना नहीं, बल्कि उन्हें श्रेष्ठ संस्कार और धर्ममार्ग की प्रेरणा देना भी है।

मुनिश्री ने कहा कि आज परिवार सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे में धर्म की प्रभावना कैसे बढ़ेगी, इस पर भी विचार आवश्यक है। मुनिश्री ने कहा कि जैन दर्शन क्रिया से अधिक भाव और परिणामों को महत्व देता है। यदि भाव शुद्ध नहीं हैं तो कल्याण की संभावना क्षीण हो जाती है।उन्होंने गर्भ संस्कारों की परंपरा का स्मरण कराते हुए कहा कि जैसे किसान खेत को तैयार कर बीज बोता है, तब फसल प्राप्त होती है, वैसे ही जीवन में संस्कारों की आधारशिला आवश्यक है। आठ वर्ष की आयु के बाद अष्टकुल संस्कार देकर बालक को सही श्रावक बनाया जाता है। मनुष्य की पाप करने की क्षमता अधिक और पुण्य करने की प्रवृत्ति कम हो गई है। तेईस घंटे पाप के आश्रव में और मात्र एक घंटा धर्म में लगाकर आत्मकल्याण संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर धर्मसभा में विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने भी कहा कि केवल पिच्छिका और कमंडल धारण कर लेने से आत्मकल्याण नहीं होता है, बल्कि वास्तविक संयम और साधना से ही मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव

## मेरा रंग दे बसंती चोला गीत का गायन की दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी गंज सीहोर में वैदिक यज्ञ का आयोजन कर महर्षि दयानंद सरस्वती का 202 वा जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर देश भक्ति गीतों का गायन आर्य समाज के भजन उपदेशक अमित राठौर द्वारा मेरा रंग दे बसंती चोला गीत का गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर आर्य समाज के प्रचार मंत्री अभिलेख वर्मा द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी सभी लोगों के बीच दी गयी। इस अवसर पर आर्य वीर दल जिला सीहोर के महामंत्री अंकित राठौर का जन्मदिन भी मनाया गया। उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सभी लोगों ने जन्म दिवस की शुभकामनाए दी। आर्य विजय राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने अपने जीवन काल में अनेक समाज सुधार के कार्य किए अछूत उद्धार पाखंडवाद को समाप्त करना, जाति-पाति की विदाई, छुआछूत दलितोद्धार, विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह पर रोक, शुद्धि का प्रचार आदि अनेक कार्य आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा किए गए और साथ ही वेदों का प्रचार- प्रसार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। पूरे विश्व को श्रेष्ठ बनाना आर्य समाज का मुख्य लक्ष्य है। ऐसे महान ऋषिवर का जन्म दिवस आर्य समाज द्वारा मनाया गया एवं महर्षि दयानंद बौद्ध दिवस पर सांय 5:00 से 7:00 बजे तक वैदिक यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा सच्चे शिव को प्राप्त करना गर्व का विषय है। हम सब भी उस सच्चे शिव को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। कार्यक्रम में उपस्थित आर्य समाज के प्रधान आचार्य विजय राठौर, उप प्रधान विजय कुलश्रेष्ठ, उप मंत्री अनिरुद्ध आर्य, व्यायाम शिक्षक हेमराज आर्य, पुरोहित अरुण राठौर, आर्य वीर दल के जिला संचालक एवं पुरोहित संदीप आर्य, आर्य समाज सुभाष नगर के मंत्री श्याम विश्वकर्मा, आर्य समाज के भजन उपदेशक अमित गायक, कार्यालय मंत्री अंकित प्रजापति, आर्य समाज के प्रचार मंत्री अभिलेख वर्मा, कटनी से पधारे अतिथि गण राम नरेश रैदास, जीतू निषाद, आर्य वीर दल के पूर्व संचालक रमेश राठौर आर्य, आर्य समाज के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र आर्य, डॉ. राजमल मनोरिया, राजेंद्र राठौड़, वासु जादवानी, मनीष राठौर, विनोद राठौर, ओमप्रकाश रजक, सुदर्शन राठौर, आर्य वीर दल शाखा विस्तारक हिमांशु, कराते ब्लैक बेल्ट शेजु बाई मालवीय, करण राठौर, काव्य वर्मा, अंश राठौर, कारीगर मनीष भाई आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## कार्यक्रम में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

पी एसजीएम एकेडमी खामखेड़ा जात्रा में आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छठी सातवीं के बच्चे व स्कूल के संचालक व शिक्षक शिक्षिका ओ द्वारा बच्चों को हार फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बच्चों को विदाई दी गई।

इस मौके पर स्कूल के संचालक सौरभ सोनी द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया। वहीं उन्होंने कहा कि सही शिक्षा का अर्थ यह है कि प्रत्येक व्यक्ति में सदगुण सदाचार प्रेम प्रदर्शित होने लगे यही सच्ची शिक्षा है। बच्चे अच्छी पढ़ाई करें व जीवन में उन्नति करें। इस मौके पर प्रधान अध्यापक सौरभ सोनी जया सोनी, शिक्षक गौरव कुमार, जसवंत धनगर, संदीप कुमार, दीपिका महेश्वरी, विशाल महेश्वरी, रवीना, अर्चना, नरेंद्र शुक्ला, राम सिंह धनगर, सुनील सोनी, जगदीश मालवीय व स्कूल के -छात्राएं उपस्थित थे।